भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

**अतारांकित प्रश्न सं. 585**

जिसका उत्तर 07.02.2024 को दिया जाना है

**पीएम-गति शक्ति योजना**

585. श्री कार्तिकेय शर्मा:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत में पीएम-गति शक्ति योजना के अंतर्गत निर्मित एक्सप्रेसवे की कुल लंबाई कितनी है, तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) हरियाणा राज्य में प्रधान मंत्री गति शक्ति योजना के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है, तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है; और
(ग) हरियाणा राज्य में प्रधान मंत्री गति शक्ति योजना के त्वरित कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या-क्या प्रमुख आगामी पहल की जाने वाली हैं?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) पीएम गति शक्ति - मल्टीमॉडल संपर्कता के लिए राष्ट्रीय मास्टर प्लान, अवसंरचना संपर्कता परियोजनाओं की एकीकृत योजना और समन्वित कार्यान्वयन के लिए रेलवे और रोडवेज सहित 16 मंत्रालयों को एक साथ लाने के लिए एक डिजिटल मंच है। पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग/एक्सप्रेसवे के विकास के लिए इस मंत्रालय के नीति दिशानिर्देशों/मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार, 500 करोड़ रुपये से अधिक की कुल पूंजीगत लागत वाली सभी परियोजनाओं को नेटवर्क योजना समूह (एनपीजी) के समक्ष उनकी टिप्पणियों/सुझाव और प्रस्ताव के समग्र मूल्यांकन के लिए प्रस्तुत किया जाता है। हरियाणा राज्य सहित राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे का राज्य-वार विवरण अनुबंध-क में संलग्न है।

पीएम गति शक्ति परियोजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए, मंत्रालयों के प्रतिनिधियों को शामिल करते हुए नेटवर्क योजना समूह का गठन किया गया है। अंतर-मंत्रालयी समन्वय के प्रमुख लाभ इस प्रकार हैं:

i. एकीकृत और समग्र अवसंरचना की योजना और विकास

ii. अंतर-क्षेत्रीय योजना समन्वय

iii. संसाधन का उपयोग

iv. पर्यावरण, वन, वन्य जीव आदि के लिए सुव्यवस्थित और त्वरित मंजूरी।

v. समग्र लॉजिस्टिक लागत में कमी और मूल्य प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि

**अनुबंध-क**

**'पीएम-गति शक्ति योजना'** के संबंध में श्री कार्तिकेय शर्मा द्वारा दिनांक 07/02/2024 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 585 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

विकसित किये जा रहे एक्सप्रेसवे का राज्यवार विवरण:

| **क्र.सं.** | **गलियारे का नाम** | **लंबाई (किमी में)** | **स्थिति** | **राज्य** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे | 1,386 | आंशिक रूप से पूर्ण | दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, दादरा और नगर हवेली, महाराष्ट्र |
| 2 | अहमदाबाद- धोलेरा | 109 | कार्यान्वयनाधीन | गुजरात |
| 3 | बेंगलुरु-चेन्नई | 262 | कार्यान्वयनाधीन | कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु |
| 4 | दिल्ली - अमृतसर - कटरा | 669 | कार्यान्वयनाधीन | हरियाणा, पंजाब, जम्मू और कश्मीर |
| 5 | कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस वे | 63 | कार्यान्वयनाधीन | उत्तर प्रदेश |
| **कुल योग** | | **2489 कि.मी** | | |

******